देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 18.09.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में अतिवृष्टि से भारी नुकसान, लापता लोगों की तलाश के लिए राहत दलों का खोज और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाएं जल्द बहाल करने के निर्देश दिए।
- सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा– प्रदेशभर में 500 सहकारी क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- **और,** मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

................

चमोली आपदा

चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में कल देर रात अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। नंदानगर के चार गांव अतिवृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। इस प्राकृतिक आपदा में लापता 14 लोगों में से 3 शव बरामद कर लिए गये हैं। साथ ही घायल लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती किया गया है और गंभीर रूप से घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मलबे की चपेट में आने से 35 भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से करीब 200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली, पानी और क्षतिग्रस्त सड़कों की आपूर्ति बहाल करने पर भी जोर दिया।

## सीएम निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज आपदा ग्रस्त मसूरी रोड, किमाड़ी और टपकेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों की शीघ्र मरम्मत करते हुए यातायात सामान्य बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएं।

## देहरादून आपदा

इस बीच, राजधानी देहरादून में रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। सोमवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश से देहरादून के सहस्त्रधारा क्षेत्र में अतिवृष्टि और बाढ़ के साथ आए मलवे से आवासीय भवनों, होटलों, दुकानों और संपर्क मार्गों को भारी नुकसान पहुँचा है। इस प्राकृतिक आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि 17 लोग अभी भी लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और जिला प्रशासन की टीमें लगातार खोज और बचाव कार्यों में लगी हुई हैं।

उधर, टिहरी जिले के जौनपुर और नरेंद्र नगर विकासखंड में भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग और संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई स्थानों पर पेयजल लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल नियमित रूप से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं और अधिकारियों को बुनियादी ढाँचे को बहाल करने के लिए आवश्यक निर्देश दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और अन्य बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि सहकारी संघ विभिन्न निर्माण इकाइयों की स्थापना के साथ ही प्रदेशभर में 500 सहकारी क्रय केंद्र स्थापित करेगा। इन क्रय केंद्रों में किसानों को उनके अनाज, फल एवं सब्जियों का उचित मूल्य सीधे गाँव स्तर पर उपलब्ध होगा। इस व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर लाभ सीधे किसानों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। वे आज अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के उपलक्ष्य में देहरादून में आयोजित सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ की व्यापारिक गतिविधियों का दायरा बढ़ाकर 3 हजार करोड़ सालाना टर्नओवर का लक्ष्य

रखा गया है। डॉ रावत ने कहा कि सहकारी संघ जल्द ही बाजार में 'हिमाला जल' नाम से बोतलबंद पानी बेचेगा।

साथ ही डॉ. रावत ने कहा कि नवरात्रों में 100 करोड़ रुपये की नई व्यवसायिक योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। आगामी  3 अक्टूबर से 30 दिसम्बर तक राज्य के सभी जिलों में सात दिवसीय सहकारी मेले लगाये जायेंगे। इन मेलों के माध्यम से 10 लाख किसानों को सहकारिता से जोड़ना है। जिसके लिये सदस्यता पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से भी किया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे भारत में 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अल्मोड़ा ज़िले में इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, अल्मोड़ा वन प्रभाग ने आज सिमतोला क्षेत्र स्थित इको पार्क में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को महत्वपूर्ण बताया।

जीएसटी

भारतीय जनता पार्टी ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारों की घोषणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों को ऐतिहासिक दिवाली उपहार बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कांत ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम होगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री कांत ने कहा कि पहले देश दर्जनों तरह के वैट के जाल में उलझा हुआ था, आज एक देश, एक कर से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। देहरादून स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं पहले से कम कीमत पर मिलेंगी।

चलो जीते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म, ''चलो जीते हैं'' आज देशभर के लाखों स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। यह प्रधानमंत्री मोदी के जीवन की एक बचपन की घटना से प्रेरित है।

यह फिल्म आईनॉक्स देहरादून मॉल, पीवीआर सेंट्रियो देहरादून और पीवीआर पैसिफिक देहरादून में प्रदर्शित की गई। फिल्म देखने पहुंचे दर्शकों ने फिल्म को प्रेरणादाय बताया।

मौसम

देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 36 घंटों के दौरान राज्य के देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 22 सितंबर तक राज्य में बारिश का अनुमान जताया है।

राज्य वित्त आयोग

छठे राज्य वित्त आयोग की टीम ने बागेश्वर में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों के साथ एक परामर्श बैठक की। बैठक में आयोग के अध्यक्ष एन. रविशंकर ने सभी को राज्य वित्त आयोग की भूमिका और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान राज्य और ज़िला विकास संसाधनों, कर संग्रह, व्यय, अपशिष्ट प्रबंधन, पंचायत भवनों और नगर निकायों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। आयोग ने कहा कि सभी सुझावों और शिकायतों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा राज्य सरकार के समक्ष ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएँगे।